दिनांक-10फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

प्रगतिनगर के नागरिकों को मिला नवीनीकृत पट्टा व राशनकार्ड , महापौर परिषद के सदस्यों ने किया वितरण

भिलाईनगर। राशन कार्ड और 1984 के नवीनीकृत पट्टे का वितरण महापौर परिषद के सदस्यों ने किया। आज सुबह 11 बजे वार्ड 20 पानी टंकी के पास प्रगतिनगर में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड के नागरिकों के जनसमूह के बीच महापौर परिषद के सदस्यों ने 52 लोगों को पट्टा व राशनकार्ड का वितरण किया। राशनकार्ड तथा 30 वर्षों की मियाद पूरी हो चुके मूल पट्टे को नवीनीकृत होकर मिलने से लोगों ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपस्थित पार्षदों ने पट्टा व राशनकार्ड के महत्व के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी। वितरण कार्यक्रम में मूल पट्टे के नवीनीकरण के 32 हितग्राही, एपीएल राशनकार्ड के हितग्राही व बीपीएल राशनकार्ड के हितग्राहियों को परिषद के सदस्यों ने वितरण किया। 1984 का नवीनीकृत पट्टा और एपीएल-बीपीएल राशनकार्ड का वितरण कार्यक्रम आज प्रगतिनगर मे हुआ तथा वार्ड 12 कांट्रेक्टर कॉलोनी में पार्षद भोजराज सिन्हा की उपस्थिति में 91 पट्टा का वितरण किया गया। जोन 03 मदर टेरेसा नगर के वार्ड 20 प्रगतिनगर के कार्यक्रम में स्थल में बड़ी संख्या में नवीनीकृत पट्टा और राशनकार्ड के हितग्राही उपस्थित हुए जिन्हें महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाॅल , सुभद्रा सिंह, लक्ष्मीपति राजू, जोहन सिन्हा, दिवाकर भारती, दुर्गा प्रसाद साहू एवं वार्ड पार्षद जी. राजू ने वितरण कर इसके महत्व को बताया!

जनसम्पर्क अधिकारी